PUBLICATION NAME :	Prabhat Khabar
EDITION :	Patna
DATE :	20/04/24
PAGE :	5

इडीआइआइ ने एंटरप्रेन्योरशिप से कराया अवगत

पटना. एंटरेप्रेन्योशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (इडीआइआइ) ने अपने दो वर्षीय पीजीडीएम प्रोग्राम पीजीडीएम इन एंटरप्रेन्योरशिप पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की है. शुक्रवार को संस्थान की ओर से आयोजित बैठक में विद्यार्थियों को एडमिशन की प्रक्रिया की जानकारी साझा की गयी. इसके साथ ही संस्थान के एसोसिएट प्रो डॉ पंकज पांडेय ने कहा कि इडीआइआइ का पीजीडीएम-इ, प्रोग्राम उद्यमियों एवं मैनेजमेंट के पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया है. व्यापक दो-वर्षीय, फुल टाइम कोर्स डिजाइन किया गया है. 2024-2026 बैच के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 27 अप्रैल है. एडमिशन के लिए इंटरव्यू की शुरुआत 30 अप्रैल से होगी. इसके लिए उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं.